'आपसी विश्वास के दम पर वर्षों से यहाँ ये लेन-देन चल रहा है।' यहाँ गाँववालों की कौन-सी विशेषता प्रकट होती है? (Text book P. 64)

गाँववाले और पशुचारकों के बीच का जो आपसी विश्वास है, वह यहाँ प्रकट होता है। व्यापार में आपसी विश्वास की अहं भूमिका होती है। गाँववालों की ईमानदारी यहाँ स्पष्ट दिखाई देती है।

- 'जब तक हिमालय रहेगा ऋतुओं के बदलने का उल्लास बना रहेगा।' इसका क्या तात्पर्य है? (Text book P. 64)

हिमालय भारत के उत्तर में विराजमान है। सदियों से हमारे देश के ऋतु चक्र का आधार हिमालय ही है। गर्मी, सर्दी, वर्षा आदि बारी-बारी से आती है, इसका कारण है हिमालय है।

- प्रकृति वर्णन से युक्त वाक्य लेख से चुनकर लिखें। जैसे,
  - मकर संक्रांति के बाद सूरज पंचाचूली के शिखरों से चौखंभा पर्वत की तरफ़ खिसकना शुरू कर देता है।
  - बसंत की गुनगुनी धूप जब दोपहरी में तपाने लगता है क तब ऊँचे हिमालय शिखरों पर बुराँस चटकने लगते हैं।

  इन वाक्यों में प्राकृतिक सुंदरता के बारे में कैसा चित्र उभर आता है? चर्चा करें।

- पहाड़ी ढ़लानों पर खूबसूरती से कटे सीढ़ीनुमा खेतों में गेहूँ की हरियाली के बीच सरसों की पीलाई पसर जाती है।
- मकर संक्रांति से तपता सूरज अब नंदा पर्वत से चौखंभा पर्वत की ओर बढ़ने लगता है।